# सलूंबर जिले में शामिल नहीं होने व उदयपुर जिले में ही रहने की मांग


नगर वासियों ने तहसीलदार रंजीत यादव को ज्ञापन दिया।

■ नगर पालिका के बाहर धरने पर बैठे, नगर वासियों ने कहा हमें नहीं जाना सलूंबर जिले में, हम उदयपुर में ही ठीक

**कानोड़,** (निसं)। नवगठित सलूंबर जिले में शामिल नहीं होने व उदयपुर जिले में ही रहने की मांग को लेकर शुक्रवार को नगर वासियों ने नगर पालिका के बाहर टेंट लगाकर करीब दो घंटे तक धरना देते हुए प्रदर्शन किया, इसके बाद तहसीलदार रणजीत यादव को धरना स्थल पर बुलाया गया लेकिन उनके द्वारा मना करने के बाद लोगों ने मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा।

सलूंबर जिले में शामिल होने का विरोध प्रदर्शन कर रहे शहरवासियों का कहना था कि यह वही जाजम है, जो तहसील आंदोलन में बिछी थी, और सरकार को झुकने को विवश कर तहसील का दर्जा प्राप्त किया था, हम वर्षों से विकास को तरस रहे हैं, हर विकास कार्य को छीन कर लेना पड़ रहा है, लेकिन किसी नेता व सरकार को परवाह नहीं है, हम जिस जिले में निवास कर रहे हैं उसी में ठीक महसूस कर रहे हैं, अगर किसी ने हमें छेड़ने की कोशिश की तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वक्ताओं ने इन चेतावनी भरे तीखे शब्दों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना आम राय बनाकर बीते दिनों से सलूंबर जिले में रहने की मांग कर रहे हैं, लगातार इस तरह की मांग को देखते हुए अब उन्हें सड़क पर उतरने को विवश होना पड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि अगर सरकार देना ही चाहती है, तो हमारी नजदीकी ग्राम पंचायत को टीएसपी में घोषित करें जिससे क्षेत्र वासियों को टीएसपी का लाभ मिल सके। जो मांग की जा रही है उसको नहीं सुना जा रहा है और बेवजह उन्हें जिला बदलने के लिए छेड़ा जा रहा है । धरना प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सहायक थाना अधिकारी लालू राम मीणा सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। शुक्रवार को दिन में करीब 12:30 बजे नगर के कोर्ट चौराहे पर लोगों का जुटना शुरू हो गया, आंदोलनकारी ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए इसके बाद करीब 2:00 बजे तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार रंजीत यादव को ज्ञापन सौंपा।

सलूंबर जिले में नहीं शामिल होने का विरोध कर रहे लोगों में सर्वदलीय लोग शामिल थे, भाजपा, कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों के साथ ही संगठनों के जुड़े लोग भी शामिल रहे जिन्होंने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज भाणावत, पीथलपुरा पूर्व सरपंच किशन लालजाट, बजरंग सेना अध्यक्ष बजरंगदास वैष्णव, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवती लाल शर्मा, शिक्षाविद सोहन लाल भानावत, नगर कांग्रेस कमेटी के राजेश वया, सुरेंद्र मुर्डिया, योगेश जारोली, पारस जैन , पार्षद पारस नागोरी, राजकुमारी कामरिया, भवानी सिंह, पूर्व पार्षद कोमल कामरिया, विरेन्द्र गांधी, आशुतोष व्यास, रोशन भावसार, जम्बु धींग, अभय कुमार बाबेल, संजय जारोली, रौनक कंठालिया, राजेश जैन, बंशी लाल जारोली, पारस जैन, राजेन्द्र सिंह चौहान, अरूण भाणावत , गिरिश कोठारी, फिरोज भाटी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों द्वारा पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार धरना स्थल पर तहसीलदार को ज्ञापन देना था , ज्ञापन देने का समय होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार रंजीत यादव को धरना स्थल पर आने को कहा लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया कि वह धरना स्थल पर ज्ञापन नहीं लेंगे तहसील कार्यालय पहुंचे। लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन बाद में ज्ञापन देने के लिए तहसील कार्यालय जाना पड़ा।

## स्कूल क्रमोन्नत करने की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा पंचायत समिति के संचिया गांव में 5 वीं कक्षा पास करने वाले 122 से ज्यादा बच्चे स्कूल छोडने को मजबूर हैं। गांव में एक भी 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं तक की स्कूल नहीं है। एक मात्र 12 वीं तक के स्कूल को भी पिछली सरकार ने महात्मा गांधी स्कूल अंग्रेजी में बदल दिया। इसी से परेशान लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। वहीं,एडीएम को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन देकर स्कूल को क्रमोन्नत करने की मांग की है।

संचिया गांव के दशरथ भगोरा समेत ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 7 सरकारी स्कूल और एक मां बाडी केंद्र है। संचिया में एक मात्र गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल है जिसे सरकार ने वर्ष 2023-24 में महात्मा गांधी गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी में बदल दिया है। वर्ष 2023-24 में गांव के 7 स्कूल में करीब 122 स्टूडेंट 5 वीं कक्षा से 6वीं कक्षा में प्रमोट हुए हैं। ऐसे में महात्मा गांधी में बदले गए स्कूल में सिर्फ 35 सीट हैं। गांव में दूसरी एक भी गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल और गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल नहीं हैं। ऐसे में उन स्कूल के आगे की पढाई में कठिनाई आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि माध्यमिक स्कूल नहीं होने से बच्चों को पढाई करने के लिए कनबा, साबली जाना पडेगा। जिसकी दूरी 7 से 10किलोमीटर है। ऐसे में गांव से दूर बच्चों का पढने जाना मुश्किल है। गांव के लोग कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। लोगों ने शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन देकर गांव के प्राथमिक स्कूल को अपर प्राईमरी स्कूल में कमोन्नत करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### शर्मा को भारत-भूटान समरसता सम्मान



**डूंगरपुर,** (निसं)। जयपुर नरेन्द्र पांडेय, अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वावधान में गत 19 जून से 21 जून 2024 तक सम्पन्न हुए भारत-भूटान सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भारत की ओर से शामिल हुए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को भारत-भूटान समरसता सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान भूटान की राजधानी थिम्पू में 20 जून को भूटान के धर्म गुरू रिनपोच्छे साग्वे दोरजी, पूर्व प्रधानमंत्री किग्जेम दोरजी, पूर्व अर्थ मंत्री लोकनाथ शर्मा के द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, शाल ओढाकर, प्रशस्तिपत्र प्रदान कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में डॉ. पूरणमल शर्मा के थिम्पू सम्मेलन में नहीं पहुंच पाने के कारण उनके प्रतिनिधि कुलदीप शर्मा एडवोकेट ने उनका यह सम्मान भूटान में प्राप्त किया जो अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक श्री महावीर प्रसाद टोरडी ने डूंगरपुर डॉ शर्मा के कार्यालय में पहुंच कर डॉ पूरणमल शर्मा को प्रदान किया अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के सांस्कृतिक सचिव लालबहादुर ने बताया कि डॉ.पूरणमल शर्मा अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच सलाहकार बोर्ड के सदस्य हैं तथा मंच के प्रति और मंच के सिद्धांतों के प्रति समर्पित हैं,मंच के मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा एडवोकेट ने बताया कि डॉ शर्मा को यह सम्मान उनके कार्यक्षेत्र व समाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यों का अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति द्वारा अवलोकन करने पर यह भारत-भूटान समरसता सम्मान प्रदान किया। भूटान की राजधानी थिम्पू में सम्पन्न हुये सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भूटान सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पेन्जुर ने भारतीय शिष्टमंडल के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया व अध्यक्षता पूर्व अर्थ मंत्री लोकनाथ ने की।

### कर्क संक्रान्ति महोत्सव 16 को

**बांसवाड़ा,** (निसं)। आगामी 16 जुलाई को पहली बार कर्क संक्रान्ति महोत्सव मनाने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित कर लिये गये हैं तथा कार्यक्रमों के सुचारू क्रियान्वयन एवं सफल बनाने के लिए अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बैठक लेते हुए अब तक कर्क संक्रान्ति कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारीयों की जानकारी ली। बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी को आयोजन को लेकर कार्यक्रम के बैनर, लोक कलाकारों, सूर्य नमस्कार के लिये आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन द्वारा जारी आदेश में 16 जुलाई को समाई माता भंडारिया स्थल पर प्रात: 7 बजे सूर्य पूजा एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में वेद विद्यापीठ संकाय द्वारा शास्त्रोक्त मंत्रोचार द्वारा सूर्य पूजन करवाने एवं पंतजली योग महिला समिति को भी इसमें भाग लेने के निर्देश दिये। कर्क संक्रान्ति पर भंडारिया हनुमान मंदिर में प्रात: 9 से 11 बजे तक विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा रंगोली, मेहंदी एवं क्विज आयोजित की जाएगी एवं कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वही उसी दिन 16 जुलाई को सायं 7 बजे रंगमंच में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति के लिए सहायक निदेशक पर्यटन विभाग को वेस्ट जोन से कलाकारो से 4 कार्यक्रम आयोजित करवाने व स्थानीय कलाकारों को भी भाग लेने के निर्देश दिये।

### ज्ञापन भेजा

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नो सेना, वायु सेना की प्राथमिक ट्रेनिंग एनसीसी विंग की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल के माध्यम से गृह रक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा। परिषद् के प्रांत जनजातीय कार्य संयोजक पूर्व केंद्रीय छात्र संघ अध्यक्ष सुनील सुरावत ने बताया कि संभाग के सबसे बडे श्री गोविंद गुरु महाविद्यालय में 7 हजार विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययनरत है जिसमें एनसीसी थल सेना की प्राथमिक ट्रेनिंग का प्रशिक्षण होता है लेकिन वागड क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी नो सेना एवं वायु सेना में जाने से वंचित होते हैं। यहां के विद्यार्थी देश सीमा की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाना चाहते है। श्री गोविंद गुरु महाविद्यालय में भी एनसीसी थल सेना की प्राथमिक ट्रेनिंग के साथ-साथ विद्यार्थियो के लिये नो सेना, वायु सेना एनसीसी की भी गतिविधि संचालित करने की मांग की गयी। ज्ञापन देने वालों में इकाई अध्यक्ष हेमंत खांट, राजेश खराडी, नगर मंत्री आलोक, गिरीश तिरगर, काव्य, भावेश यादव आदि प्रमुख रहे।

### प्रिन्स, चिनय व ननीक्षा बने सीए

**डूंगरपुर,** (निसं)। सीए के गुरूवार को घोषित हुए परिणाम में शास्त्री कॉलोनी निवासी अरविन्द जैन के पुत्र प्रिन्स जैन तथा भुवनेश्वरी कॉलोनी निवासी अनिल शाह की पुत्री ननीक्षा शाह एवं शास्त्री कॉलोनी निवासी कैलाश-नीता गांधी का पुत्र चिनय गांधी ने सीए में उत्तीण होकर वागड को गौरान्वित किया है। गुरूवार को घोषित हुए परिणाम में शहर की दोनो प्रतिभाओ ने अथक प्रयासो के बाद अकाउन्ट की सबसे बडी परीक्षा सीए में उत्तीर्ण होकर समाज व परिवार जनों का गौरव बढाया है।

# अवैध शराब पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा पुलिस ने नेशनल हाईवे 48 पर एक ही दिन में दो बडी कार्यवाही करते हुए दो ट्रकों से 20 लाख रुपए की अवैध शराब पकडते हुए दो तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर सूचना पर रतनपुर पुलिस चौकी के सामने बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैंकिग की जा रही थी। उदयपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रूकवाया गया। जिसको पुलिस जाप्ता द्वारा ट्रक को रूकवाया कर ट्रक चालक का नाम पता पूछने पर सोनीपत जिला हरियाणा निवासी सुखचैन पुत्र कृष्ण कबीर होना बताया कि। पुलिस पूछताछ में चालक में ट्रक में फॉर्म की सीट के बंडल भरा होना पाया गया। पुलिस ने ट्रक के काला तिरपाल हटाकर देखा गया ऊपर फॉर्म की सीट के बंडल नीचे विभिन्न ब्रांड हरियाणा कुल 125 कार्टून शराब भरे हुए पाए गए। जिस पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम में तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी चालाक मय शराब को जब्त की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार बिछीवाडा की एक विशेष टीम ने वाहनों की चैंकिग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की एक आयसर ट्रक शराब भर होने की सूचना के आधार पर उदयपुर की तरफ से एक आयसर ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रूकवार कर चालक का नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम सूरत गुजरात निवासी बाबूराम पुत्र मानाजी बिश्नोई होना बताया।

# साधु संतों का चार्तुमास मंगल प्रवेश कल

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ एवं वीशा हुम्मड संघ के तत्वावधान में आगामी चार्तुमास हेतु साधु एवं साधवियों का मंगल प्रवेश रविवार 14 जुलाई को गाजे बाजे के साथ होगा। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि आचार्य नवरत्न सागर के शिष्य मुनि रत्नसागर जी एवं आचार्य मृदुरत्नसागर के शिष्य पवित्र रत्न आदि ठाणा-2 का रविवार को गेपसागर की पाल से गाजे बाजे के साथ प्रवेश होगा

# 'राहुल के बयान से भाजपा कर रही हिंदू समाज को भ्रमित'

■ किरोडी मीणा ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग उठाकर नया मुद्दा छेड़ा

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू हिसंक बयान के बाद उठा बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। देश के अलग-अलग कौने से रोज नई-नई प्रतिक्रियाएं, बयान, वक्तव्य सामने आ रहे है। राहुल के बयान पर भाजपा नेता किरोडीलाल मीणा की प्रतिक्रिया आई है। किरोडी मीणा ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर हमला बोला और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग उठाकर नया मुद्दा छेड दिया है। इस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने शुक्रवार को बयान जारी कर प्रतिक्रिया दी है।

इस अवसर पर भगोरा ने कहां है कि लोकसभा में राहुल गांधी के बयान से भाजपा बूरी तरह बौखला गई है। राहुल गांधी ने भाजपा नेताओं की कमजोरी पकड ली है, लेकिन बौखालाएं भाजपा नेता राहुल गांधी के बयान को तोड-मरोड कर हिंदू समाज को भ्रमित और गुमराह कर रहे है। पिछले दस सालों से भाजपा हिंदुत्व के एजेंडे का सहारा लेकर सत्ता में आई और राजनैतिक रोटियां सेंकी। भगोरा ने कहा कि किरोडी मीणा ने हिंदू राष्ट्र का मुद्दा उठाकर भाजपा के चालए चरित्र और चेहरे को उजागर कर दिया है। भारत सनातनी परंपराओं वाला राष्ट्र है। भारत विविधता में एकता की मिसाल कायम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले एक दशक में समूचे देश में हिंदुत्व का एजेंडा चलाकर वोट बटोरने का कार्य किया है। हिंदू समाज आजादी के बाद से लेकर अब तक एकजुट है। भाजपा ने हिंदुत्व का मुखौटा पहनकर देश की आम अवाम को झांसे में लिया और केवल वोटबैंक बनाकर रख दिया। भगोरा ने कहा कि राहुल गांधी देश में नफरत के वातावरण को समाप्त कर प्रेम और भाईचारे का संदेश दे रहे है।

राहुल गांधी के बयान को हिंदुत्व से जोडकर हिंदुओ को भडकाने का कार्य किया जा रहा है। राहुल गांधी ने हिंदुओ को कभी हिसंक नहीं कहा। हिंदुत्व के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों को लेकर दिया गए बयान का उल्टा मतलब निकालकर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है।

## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**राजसमंद,** (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। मुख्य आयोजना अधिकारी राजकुमार त्रिवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड तथा एसीईओ अनील सनाढ्य के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक पंचायत समिति से दो प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में आदर्श जीपीडीपी निर्माण लेखा नियम एसबीएम आडिट सहित विभिन्न बिंदुओं का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर गौरव सोमानी, रतनलाल पुर्बिया, रणजीतसिंह जादौन, अमित चौधरी, हेमराजसिंह, नारायणसिंह चुंडावत, शुभम बागोरा, दीपक शर्मा, शंकरलाल शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। संचालन सहायक सांख्यिकी अधिकारी माया मीणा ने किया। सभी संभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए। इसी क्रम में आगामी एक दिवसीय ई-फाईल प्रशिक्षण का आयोजन 16 जुलाई को होगा। जिसमें सभी पंचायत समिति के प्रधान, विकास अधिकारी और ब्लॉक कॉर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पाटोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित


प्रभु श्री द्वारकाधीश का पाटोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रमोदसिंह चारण का सम्मान किया।

**राजसमंद,** (निसं)। श्री द्वारकेश राष्ट्रीय साहित्य परिषद की ओर से आयोजित प्रभु श्री द्वारकाधीश का पाटोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह गुरुवार को श्री गोपालकृष्ण वाटिका में आयोजित किया गया।

अतिथि एवं मुख्य वक्ता तृतीय पीठ श्री द्वारकाधीश मंदिर वेदांत कुमार गोस्वामी, पूर्व न्यायाधीश, बसंतीलाल बाबेल, एडवोकेट संपत लड्ढा, डॉ राकेश तैलंग, डॉ रचना तैलंग, द्वारकाधीश मंदिर अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र बंधु ने की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया व जितेंद्र पालीवाल ने सरस्वती वंदना की। संस्था के संचालक हेमंत गुर्जर एवं संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का पाग ऊपरना ओढा कर स्वागत किया। द्वारकाधीश मंदिर के कीर्तनकार प्रमोद चारण ने द्वारकाधीश के कीर्तन प्रस्तुत किए एवं संगत पखावज वादक सुमित कुमावत ने की। मुख्य वक्ता वेदांत बाबा ने द्वारकाधीश की प्राकट्य वार्ता प्रस्तुत की। अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त रखे। संचालन करते हुए सूर्य प्रकाश दीक्षित ने शस्त्र को नहीं धार को हम पूजते हैं।

ईश के अवतार को हम पूजते हैं भारतीय है मानवीय गुणों के पुजारी सबसे पहले प्यार को हम पूजते हैं जैसे अनेक मुक्तक सुना कर समा बांध दिया। संस्था के संचालक हेमंत गुर्जर ने संस्था का परिचय दिया। पाटोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार पीरदान चारण को अनोखा स्मृति सम्मान, रामचंद्र पुर्बिया को समाजसेवा सम्मान, हरीश सोनी को कला निधि सम्मान, युधिष्ठिर बोहरा को जीवन रक्षक सम्मान, प्रमोदसिंह चारण को प्रभु सेवा सम्मान एवं गोविंद दीक्षित को शिक्षा सम्मान से नवाजा गया। आयोजन के मुख्य कार्यक्रम में कृष्णकांत सांचीहर, दर्शन पालीवाल, रविनंदन चारण, गौरव पालीवाल ने काव्य पाठ किया।

# सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : कलेक्टर


रात्रि चौपाल में आम जनता की समस्याएं सुनते जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल।

■ रात्रि चौपाल से पहले कलेक्टर ने अंजना गांव के कई सरकारी कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण किया

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल ने देवगढ उपखंड क्षेत्र के गांव आंजना में रात्रि चौपाल आयोजित की। इस दौरान उन्होंने आम जनता की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल का संचालन एडीएम नरेश बुनकर ने किया और परिवादियों को बारी-बारी बुलाया। इस दौरान जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड, एसडीएम एवं तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

रात्रि चौपाल में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे जिन्होंने समस्याओं के निस्तारण में सहयोग किया। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की। जिनमें से प्रमुख समस्या- बिजली, पानी, सडकों की हालत, अतिक्रमण, शौचालय निर्माण और अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित थी। कलेक्टर ने तत्परता से इन शिकायतों का संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। जिन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया और शेष समस्याओं के लिए समय सीमा तय की। कलक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की चौपालें आयोजित करने का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वें अपनी समस्याओं को बेझिझक प्रस्तुत करें और सरकार के साथ सहयोग करें। रात्रि चौपाल से पहले जिला कलक्टर ने अंजना गांव के कई सरकारी कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाडी केंद्र, पटवार भवन, कृषि विभाग के कार्यालय एवं राउमावि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों से बात की। आमजन से भी समस्याओं को लेकर संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों को सरकार की मंशा अनुरूप समस्त योजनाओं से अधिक अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## पौधरोपण किया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राउमावि छोटी सरवन में नटवरानंदी वेलफेयर फाउंडेशन और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों ने बढ-चढ कर भाग लिया। लोक वाद्य यंत्र से भामाशाह डॉ प्रियंका कटारा, नैना जैन, ऋषि मेहता, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी रवि चंदेल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शंभूलाल नायक, एसीइबीओ राजेश द्विवेदी, सरपंच कांतिलाल का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के साथ-साथ संचालक मयूर ने बच्चों के साथ लयबद्ध रूप मंत्रो का उच्चारण करवा अतिथियों से दीप प्रज्ज्वलित करवाया। शंभूलाल नायक ने पेड लगाने से लेकर उसे आने वाली पीढी के साथ जोडने की जरूरत बताई। मुख्य अतिथि रवि चंदेल ने प्रकृति की मूल अवधारणा के बारे में बच्चो को अवगत करवाते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों का उल्लेख किया। भामाशाह डॉ प्रियंका कटारा ने गर्मी के कारण और उसे कम कैसे किया जा सकता है पर सार्थक चर्चा की। एसीबीईओ राजेश द्विवेदी ने अधिकारी और भामाशाह का कार्यक्रम में सार्थक योगदान के लिए धन्यवाद किया साथ ही कविता के माध्यम से प्रकृति की विशेषता का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में भामाशाह और विद्यालय के मध्य योजक कडी का कार्य सौरभ रावल ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक पेड मां के नाम लगा कर इसे चिर काल तक संरक्षित करना है।

# 'प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और समय पर होनी चाहिए'


राबाउमावि बागीदौरा में आयोजित केजीबीवी छात्रावास के नोडल प्रधानाचार्य व अधीक्षकों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित हुई।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। समग्र शिक्षा के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सुशील कुमार जैन ने कहा कि छात्रावासों की बालिकाओं के जीवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। विभागीय मानदण्ड के अनुसार इनकी आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना नोडल प्रधानाचार्य एवं छात्रावास अधीक्षक की संयुक्त जिम्मेदारी है। वे शुक्रवार को राबाउमावि बागीदौरा में आयोजित केजीबीवी छात्रावास के नोडल प्रधानाचार्य व अधीक्षकों की संयुक्त कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और समय पर होनी चाहिए। कार्यशाला के आरम्भ में अतिथियों ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया। संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद निनामा ने स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका जोशी, वनेश्वर जोशी, राबाउमावि बागीदौरा की उप प्रधानाचार्य कलावती यादव बतौर अतिथि उपस्थित रहे। जिले के चयनित प्राचार्य व अधीक्षकों की कार्यशाला में वृक्षारोपण, भवन सुरक्षा एवं रखरखाव, निरूशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, आधारभूत सामग्री का वितरण, मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। नोडल प्रधानाचार्य मुकुल शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में वार्डन को छात्राओं का कौशल प्रशिक्षण आयोजित करने, लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षा, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, मूवमेंट रजिस्टर व आगन्तुक पंजिका संधारण करने के निर्देश दिए।